हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, शुक्रवार 20 फरवरी 2026

तापमान
अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 18.0 डिग्री

11 धनेली ओपन जिम के उद्घाटन से पूर्व ही टूटने...

12 श्रमदान से स्वच्छता रैली निकालकर नशामुक्ति...




## खबर संक्षेप

### ट्रक की चपेट में आकर बाइक सवार एक की मौत, एक गंभीर

**बालोद**। मोटर साईकिल सवार दो लोगो को ग्राम बघेली के पास आयरन से भरी ट्रक ने अपने चपेट में ले लिया, जिसके बाद गंभीर चोट के कारण एक बाईक सवार की मौत हो गई तो वही एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार गुण्डरदेही ब्लाक के ग्राम बोड़ेना निवासी लोमेश साहू 42 वर्ष तथा बलराम साहू 55 वर्ष अपने मोटर सायकल से मोहदी पाठ की ओर से अपने घर बोड़ेना से जा रहे थे। तभी आयरन से भरी ट्रक जो दुर्ग की तरफ जा रही थी ने ग्राम बघेली और भरदाकला के बीच मोटर सायकिल सवार लोगों को अपने चपेट में ले लिया। इससे मौके पर ही लोमेश साहू 42 वर्ष की मौत हो गई तथा बलराम साहू 55 वर्ष को अस्पताल पहुंचाया गया। जहां इलाज जारी है। शव को पंचनामा करके पोस्टमार्टम के लिए गुण्डरदेही भेज दिया गया। वही पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है।

### ग्राम मेड़की में एक दिनी मानसगान आज

**गुरूर**। ग्राम मेड़की में एक दिवसीय मानसगान महोत्सव का आयोजन 20 फरवरी को किया गया है। जिसमे प्रातः 10:30 बजे से संध्या 7:30 बजे तक कार्यक्रम होगा। जिसमे उद्घोशक लक्ष्मी साहू व केशव साहू होगे। कार्यक्रम के उद्घाटन में मुख्य अतिथि उपाध्यक्ष जिला पंचायत बालोद तोमन साहू होंगे। अध्यक्षता पूर्व प्रदेश अध्यक्ष साहू समाज टहल साहू करेंगे। विशेष अतिथि अध्यक्ष सेववा सहकारी समिति मेड़की गुणवंत लाल श्रीवास्तव, अध्यक्ष ग्रामीण साहू समाज मेढ़की मनोहर साहू, रतीराम साहू, सेवा निवृत्त दूरसंचार विभाग बालक साहू, सेवा निवृत्त लेखापाल जनपद पंचायत बालोद धनराज साहू, ग्राम पटेल मेढ़की होरी लाल गजपाल, सेवा निवृत्त वन विभाग टहल सिंह साहू उपस्थित रहेंगे। वही समापन समारोह में मुख्य अतिथि डायरेक्टर छत्तीसगढ़ फिल्म द बिरनपुर फाईल्स हेमलाल चतुर्वेदी होंगे। अध्यक्षता अभिनेता पवन गांधी करेंगे। विशेष अतिथि अभिनेत्री मुस्कान, पूर्व जनपद सदस्य बालोद सीता यशवंत साहू, भारत साहू, उपाध्यक्ष ग्राम विकास समिति मेंड़की अम्ब्रेश हिरवानी होंगे।

### जनगणना पर जिला प्रशिक्षण मार्च में

**बालोद**। जनगणना 2027 के प्रथम चरण यथा मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना के संबंध में जिला स्तरीय प्रशिक्षण का आयोजन 06 एवं 07 मार्च रखा गया है। एक दिवसीय रिफ्रेसर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 17 मार्च को संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में सुबह 10.30 बजे से आयोजित की गई है। उल्लेखनीय है कि भारत की जनगणना 2027 का कार्य दो चरणों में पूर्ण रूप से डिजिटल माध्यम से किया जाएगा। प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना हेतु 01 मई से 30 मई 2026 तक की तिथि निर्धारित की गई है।

### तेलघानी विकास बोर्ड की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक 26 को

**बालोद**। छत्तीसगढ़ तेलघानी विकास बोर्ड की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक 26 फरवरी को आयोजित की गई है। अपर कलेक्टर ने बताया कि छत्तीसगढ़ तेलघानी विकास बोर्ड के अध्यक्ष जितेन्द्र कुमार साहू, 26 फरवरी को जिला पंचायत सभाकक्ष में जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेंगे। उन्होंने बैठक में संबंधित अधिकारियों को निर्धारित तिथि एवं स्थान पर उपस्थित होने को कहा है।

### धारदार हथियार दिखाकर डराने वाला गिरफ्तार

**भिलाई**। राहगीरों को हथियार लेकर धमकाने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मुखबिर की सूचना पर धारदार हथियार लेकर राहगीरों को धमकाने वाला दुर्ग निवासी राहुल जांगड़े को पकड़ा गया।

# विकास कार्यों की गुणवत्ता पर सख्त हुए सीईओ, तीन पंचायतों का किया आकस्मिक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

## तालाब गहरीकरण, परकोलेशन टैंक और चेकडेम निर्माण की समीक्षा




■ गंगोरीपार में प्रधानमंत्री आवास योजना के निर्माणाधीन आवासों का निरीक्षण

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बालोद सुनील कुमार चंद्रवंशी द्वारा विकासखंड गुरूर के अंतर्गत ग्राम पंचायत गंगोरीपार, डढ़ारी, धनेली का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रें में संचालित विकास कार्यों की वास्तविक प्रगति, गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं हितग्राहियों को मिल रहे लाभों का प्रत्यक्ष आकलन करना था। निरीक्षण के दौरान महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना मनरेगा अंतर्गत संचालित विभिन्न कार्यों का स्थल पर जाकर अवलोकन किया गया। तालाब गहरीकरण, परकोलेशन टैंक निर्माण एवं चेकडेम निर्माण जैसे जल संरक्षण कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए चंद्रवंशी ने कहा कि जल संरचनाएं ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने एवं भू–जल स्तर में सुधार के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यों में गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता न किया जाए तथा सभी कार्य निर्धारित समय–सीमा में पूर्ण हों। ग्राम पंचायत धनेली में व्यासयिक परिसर, सामुदायिक शौचालय निर्माण और तालाब गहरीकरण कार्य का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान तालाब पार (बंड) को सुव्यवस्थित तरीके से ड्रेसिंग ▶▶|शेष पेज 10 पर

## अभियान : नौ दिनों में 4.64 लाख लोगों ने खाई दवा

# राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन अभियान में सामूहिक दवा खिलाने का सिलसिला जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

■ 25 फरवरी तक चलेगा विशेष अभियान

राष्ट्रीय फाईलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत चल रहे सामुहिक दवा सेवन अभियान में नौ दिनो के भीतर 4,64,340 लोगों ने फाईलेरिया से बचाव की दवा खाकर अभियान को सफल बनाया। स्वास्थ्य विभाग बालोद द्वारा सामूहिक दवा सेवन अभियान रणनीति के अंतर्गत 10 फरवरी से 25 फरवरी 2026 तक जिले के समस्त विकासखंडों में संचालित किया जा रहा है। जिसका उद्देश्य वर्ष 2027 तक देश से लिम्फैटिक फाइलेरियासिस हाथीपांव, फाइलेरिया रोग का उन्मूलन करना है। तथा समुदाय में इन रोग के संक्रमण की श्रृंखला को तोड़ना है। एवं भविष्य में नए मामलों को रोकना है। फाइलेरिया एक गंभीर परजीवी रोग है, जो मच्छरों के काटने से फैलता है और हाथ, पैर, अंडकोष आदि अंगों में स्थायी सूजन एवं विकलांगता का कारण बनता है। वहीं कृमि संक्रमण बच्चों में कुपोषण, एनीमिया, कमजोरी एवं पढ़ाई में बाधा उत्पन्न करता है। जिला में फाइलेरिया के चिन्हित मामलों मे हाथीपांव के कुल 83 प्रकरण तथा हाइड्रोसील के 20 प्रकरण पंजीकृत हैं। जिला स्तरीय कवरेज एवं लक्ष्य कुल जनसख्या 9,24,848 लक्षित जनसंख्या 8,13,866 है। मानव संसाधन एवं सहयोगी संरचना दवा खिलाने वाले टीम मे 1652 मितानिन, आंगनबाडी कार्यकर्ता, 330 पर्यवेक्षक, 33 सेक्टर पर्यवेक्षक सक्रिय है। 11 मोबाइल टीम, 37 रैपिड रिस्पॉन्स टीम, 6 कंट्रोल रूम जिला एवं विकासखण्ड स्तर पर बनाए गए है।

एमडीए के अंतर्गत दी जाने वाली दवाओ में आइवरमेक्टिन लंबाई के अनुसार, डाइएथाइलकार्बामाज़ीन डीईसी आयु के अनुसार,एल्बेंडाज़ोल आयु के अनुसार दिया जा रहा है। अभियान के दौरान 2 वर्ष से कम आयु के बच्चे, गर्भवती महिलाएं, गंभीर रूप से बीमार व्यक्ति, ऐसे व्यक्ति जिन्हें पूर्व में इन दवाओं से गंभीर एलजएॅ रही हो, जिन्हें उस समय तेज बुखार हो उन्हे एमडीए के अंतर्गत दवा नहीं दी जाएगी।




### खाली पेट नहीं करें दवाओं का सेवन

दवा सेवन से संबंधित सावधानियों के संबंध मे कहा गया है कि दवाओं का सेवन खाली पेट नहीं करें, दवा भोजन करने के बाद ही लें, दवा लेने के बाद यदि कोई असामान्य लक्षण दिखाई दें, तो तुरंत निकटतम स्वास्थ्य कर्मी या रैपिड रिस्पॉन्स टीम को सूचित करे। इस अभियान को सफल बनाने हेतु स्वास्थ्य विभाग के साथ–साथ शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, पंचायत एवं नगरीय निकाय, मितानिन, आशा कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, स्वयंसेवी संस्थाएँ एवं जनप्रतिनिधी सक्रिय सहयोग प्रदान कर रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे डर या भ्रांति में न आएं, स्वास्थ्य कर्मियों का सहयोग करें, तथा दवा का सेवन अवश्य करें। सामूहिक दवा सेवन से ही जिले को फाइलेरिया जैसे रोग से मुक्त बनाया जा सकता है।



# मालीघोरी धान चोरी के मामले का खुलासा, 4 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

■ सीसीटीवी और साइबर सेल की मदद से आरोपियों तक पहुंची पुलिस

पुलिस को मालीघोरी से 900 कटटा धान से भरी ट्रक चोरी कर दमकसा में ट्रक छोडने तथा 280 कटटा शासकीय धान की चोरी करने वाले आरोपी को पकड़ने में बड़ी सफलता मिली। आरोपियो के कब्जे से 179 कटटा धान, घटना में प्रयुक्त ट्रक व मोटर सायकल बरामद किया गया। ट्रक का किस्त नही चुका पाने से ग्राम कोरगुडा बालोद निवासी आरोपी नेतरात देवांगन ने अपने साथियों के साथ मिलकर धान चोरी का प्लान बनाया था। बीते 16 जनवरी को 900 कटटा धान से भरा ट्रक क्रमांक सीजी 08 एवी 1711 को अज्ञात व्यक्ति द्वारा ग्राम मालीघोरी से ले जा कर दमकसा बडभूम में छोड दिया गया था। ट्रक से 280 कटटा धान को चोरी कर ले गया। जिस पर थाना बालोद में धारा 316(3) बीएनएस क्रायम कर विवेचना मे लिया गया। चोरी के प्रकरण में आरोपियों के पतासाजी हेतु सायबर सेल बालोद व थाना बालोद से विशेष टीम गठित किया गया । टीम द्वारा तकनीकी साक्ष्य व सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संदेही को चिन्हाकिंत किया गया। और प्रकरण में आरोपियो के पतासाजी कर चोरी के धान को बरामद किया गया।

आरोपी नेतरात देवांगन ने बताया कि उसके पास स्वयं का 02 ट्रक है, जिसकी किस्त नही पटने से फायनेंस वाले बार बार घर आ रहे थे। किस्त का पैसा पटाने के लिए आरोपी ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर 03 दिन से मालीघोरी धर्मकांटा के पास धान से भरे ट्रक को देखकर चोरी करने की योजना बनाया। घटना दिनांक को चारो आरोपी अपने ▶▶|शेष पेज 10 पर

# रेड क्रॉस सोसायटी की राज्य स्तरीय बैठक हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



### सदस्यता विस्तार व सिकल सेल जागरूकता पर जोर



छत्तीसगढ़ रेड क्रॉस सोसायटी की राज्य स्तरीय बैठक राज्य रेड क्रॉस सोसायटी के सभागार में आहूत की गई। बैठक की अध्यक्षता सोसायटी के चेयरमैन तोमन साहू ने की। बैठक में वाइस चेयरमैन रूपेश पाणिग्रही कोषाध्यक्ष संजय पटेल, सचिव रूपल पुरूहित सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए प्रतिनिधियों ने सहभागिता की। बैठक में जिला रेड क्रॉस समितियों के गठन, संगठनात्मक सु–ढ़ीकरण, सदस्यता विस्तार, सेवा गतिविधियों के प्रभावी संचालन तथा आगामी कार्ययोजना पर विस्तृत एवं सार्थक चर्चा की गई। यह निर्णय लिया गया कि प्रत्येक जिले में रेड क्रॉस की इकाइयों को सक्रिय एवं सशक्त बनाते हुए स्वास्थ्य, आपदा प्रबंधन, रक्तदान, प्राथमिक उपचार प्रशिक्षण तथा सामाजिक जागरूकता अभियानों को गति प्रदान की जाएगी। प्रबंध कार्यकारिणी में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णयों के उपरांत छत्तीसगढ़ रेड क्रॉस सोसायटी की नवगठित प्रबंध समिति के सदस्यों ने राजभवन लोकभवन में राज्यपाल रमेन डेका से सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर रेड क्रॉस सोसायटी की वर्तमान गतिविधियों, उपलब्धियों तथा भावी योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। राज्यपाल ने रेड क्रॉस की सदस्यता बढ़ाकर अधिक से अधिक युवाओं को संगठन से जोड़ने पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि युवाओं की सक्रिय भागीदारी से संगठन की सेवा गतिविधियों को नई ऊर्जा और व्यापक विस्तार मिलेगा। साथ ही उन्होंने सिकल सेल बीमारी की रोकथाम हेतु जन जागरूकता अभियान चलाने, विशेषकर आदिवासी एवं दूरस्थ क्षेत्रें में स्वास्थ्य ▶▶|शेष पेज 10 पर

# जिला एवं सत्र न्यायालय में एसबीआई सैलरी पैकेज पर कार्यशाला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



■ बिना अतिरिक्त प्रीमियम के मिलेंगी बीमा सुविधाएं

जिला एवं सत्र न्यायालय बालोद में पदस्थ न्यायिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों को एसबीआई सैलरी पैकेज के तहत दिए जाने वाले लाभ की जानकारी देने हेतु जिला न्यायालय परिसर स्थित अधिवक्ता कक्ष में कार्यशाला का आयोजन किया गया। उक्त कार्यशाला में एसबीआई, मुख्य शाखा बालोद के मुख्य प्रबंधक गौरव भटनागर, क्षेत्रीय कार्यालय कांकेर के मुख्य प्रबंधक शैलेश पाटिल, मुख्य शाखा बालोद के क्षेत्र अधिकारी विशाल रहंगदाले तथा क्षेत्रीय कार्यालय कांकेर के क्षेत्र अधिकारी रूचिर कश्यप द्वारा एसबीआई सैलरी पैकेज की जानकारी देते हुये बताया गया कि छत्तीसगढ़ राज्य के शासकीय अधिकारियों–कर्मचारियों को आर्थिक लाभ प्रदान करने के उद्देश्य से 22 दिसंबर 2025 को छत्तीसगढ़ सरकार और एसबीआई के मध्य एम.ओ.यू. में हस्ताक्षर किया गया, जो 04 जनवरी 2026 से प्रभावशील हो गया है।

उक्त एम.ओ.यू. के तहत छत्तीसगढ़ राज्य सरकार अंतर्गत सेवारत वे स्थायी कर्मचारी एवं अधिकारी पात्र है, जिनका सैलरी एकाउंट एसबीआई में संचालित है। एस.बी.आई के अधिकारियों द्वारा बताया गया कि छत्तीसगढ़ राज्य सरकार के अंतर्गत सेवारत पात्र स्थायी अधिकारी एवं कर्मचारी को व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा कवर के तहत 01 करोड़, हवाई दुर्घटना बीमा कवर के तहत 1 करोड़ 60 लाख, स्थायी पूर्ण ▶▶|शेष पेज 10 पर

## जनकल्याणकारी पहल : मरीजों को बांटा गया चश्मा

# नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का 270 ग्रामीणों को मिला लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद




माईनिंग कंपनी एवं जिला अंधत्व एवं अल्प दृष्टि नियंत्रण कार्यक्रम ईकाई बालोद के सहयोग से ग्राम चिपरा में नेत्र शिविर एवं च"मा जांच एवं वितरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्राम चिपरा के साथ आस पास के ग्राम के मरीजो का भी नेत्र परीक्षण किया गया।

ग्राम में 265 मरीजो का नेत्र परीक्षण किया गया, जिसमे मोतियाबिन्द के मरीज, दृष्टिदोश के मरीज मिले। नजदीक नजर का चश्मा लोगों को माईनिंग कंपनी द्वारा वितरण किया गया। मोतियाबिन्द के मरीजो को सुगर, बीपी जांच कर जिला चिकित्सालय बालोद ऑपरेशन हेतु लाया जाएगा। गंभीर नेत्र रोगी को जिला चिकित्सालय रेफर किया गया।

नेत्र परीक्षण मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ अधिकारी जेएल उईके, जिला कार्यक्रम प्रबंधक अखिलेश शर्मा के मार्गदर्शन एवं सहायक जिला नोडल अधिकारी अनिल कुमार सिन्हा के नेतृत्व में किया गया। नेत्र परीक्षण का कार्य नेत्र चिकित्सा सहायक अधिकारी नोहर सिंह चुरेन्द्र, दिनेश सिन्हा, चद्रिरका प्रसाद देवांगन द्वारा किया गया, साथ ही जिला से आए नेत्र सहायक अधिकारी कुशल साहू का भी सहयोग रहा।

निको कंपनी के अधिकारी तथा ग्राम पंचायत सरपंच यशराम राणा का विशेष सहयोग मिला। उपसरपंच गिरधारी राणा, पुनाराम, सदाराम राणा, पंच नेतराम राणा, पंच प्रदीप कुमार अलेन्द्र व ग्रामीण ढालूराम कृपाल, छत्तर सिंह, अंजोर सिंह, अलेन्द्र पटेल, उदय लाल शिवना, माईनिंग कंपनी के महाप्रबंधक कुमार राजीव, कुशल ठाकुर, राजेन्द्र प्रसाद देवांगन, नरेन्द्र निशाद, ऐश साहू, फलेश्वर साहू, ग्रामीण पुरूशोत्तम कोठारी, नशीर राम, कल्याण सिंह उपस्थित थे। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण और जरूरतमंद समुदायों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है, जहां अनुभवी डॉक्टरों द्वारा जांच, निःशुल्क चश्मा और मोतियाबिंद ऑपरेशन की सुविधा दी जाती है। हाल के शिविरों में सैंकड़ों लोगों ने जांच कराई और चश्मा, इलाज प्राप्त किया। यह नर सेवा ही नारायण सेवा के सिद्धांत पर आधारित है। नेत्र जांच शिविर में आस पास के ग्राम झरनटोला, मरकामटोला, किलेकोडा के ग्रामीण भी नेत्र जांच शिविर में पहुंचे।

# सिर्राभांठा में माता बहादुर कलारिन जयंती मनाई गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही



■ सामुदायिक भवन के लिए 2.01 लाख का दान मिला

ग्राम सिर्राभांठा मे डडसेना कलार सिन्हा समाज का ग्रामीण स्तरीय माता बहादुर कलारिन जयंती का आयोजन किया गया।

जिसमें मुख्य अतिथि विधायक बालोद संगीता सिन्हा थी। अध्यक्षता आप के छाया विधायक जसवंत सिन्हा, किशन गजेन्द्र, युवराज सिन्हा, रिखीराम सिन्हा, बिसम्भर सिन्हा, यादराम सिन्हा, कन्हैयालाल सिन्हा, हेमलाल सिन्हा, योगेंद्र सिन्हा, चमन लाल सिन्हा, चंद्रहास सिन्हा, हरदेवलाल सिन्हा, राजेश सिन्हा व कलार समाज के अन्य पदाधिकारीगण व ग्रामवासी शामिल हुए। इस अवसर पर आप नेता जसवंत सिन्हा ने कलार समाज के सामुदायिक भवन निर्माण के लिए दो लाख एक हजार रुपए की राशि दान स्वरूप प्रदान की। सिन्हा ने कहा कि मैं स्वयं कलार समाज का बेटा हूं। यह भवन केवल एक समाज के लिए नहीं, बल्कि सभी समाज के लोगों के लिए खुला रहेगा। यहां किसी भी वर्ग के लोग सामाजिक सांस्कृतिक एवं पारिवारिक कार्यक्रम आयोजित कर सकेंगे। सिन्हा के सहयोग व उनके योगदान का ▶▶|शेष पेज 10 पर

## खबर संक्षेप

### भारत लाल बने भाजपा किसान मोर्चा के अध्यक्ष

**गुरूर।** ग्राम कोलिहामार निवासी भारत लाल सार्वा को भाजपा किसान मोर्चा गुरूर मंडल अध्यक्ष बनाया गया है। भारत सार्वा साहू समाज में भी विभिन्न पदो में सक्रिय रहे है। सार्वा को अध्यक्ष बनाए जाने पर प्रदेश भाजपा महामंत्री यशवंत जैन, जिला



भाजपा अध्यक्ष चेमन देशमुख, जनसेवक बालोद राकेश यादव, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष गुलशन साहू, पुर्व विधायक प्रीतम साहू, यादवराम साहू, कौशल साहू, नंदकिशोर शर्मा, ईशाप्रकाश साहू, जनपद उपाध्यक्ष दुर्गानंद साहू, गुरुर मंडल अध्यक्ष आनंद शर्मा, सनौद मंडल अध्यक्ष खेमलाल देवागन, मिर्रीटोला मंडल अध्यक्ष टुके"वर पाण्डेय, युवा मोर्चा जिला महामंत्री हिमांशु साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रदीप साहू, हरिओम "याम, त्रिलोकी साहू, केशर गजपाल, चंद्रिका गंजीर, लिखेश्वर साहू, भागवत यादव, गिरधर ठाकुर, जितेश धुरव, लेखक चतुर्वेदी, ताम्रध्वज यादव, सौरभ जैन, अभिन्न यादव, आकाश साहू, रितेश सेन, रवि देशमुख, आशुतोष सिन्हा, यंगेश साहू, दनेश्वर साहू, आशुतोष टंडन, चंद्रेश झा, रवि साहू, यमन नरेटी, अभिषेक साहू, लोकेन्द्र हिरवानी, राजेश दीवान, हेमंत साहू, होमप्रकाश साहू, नीलांबर साहू, शानू देशमुख, दोमेश निर्मलकर, अनुप साहू, ललित गजेंद्र, मनीष साहू, बालक साहू, अशोक साहू, घनेद्र साहू ने हर्ष व्यक्त किया।

### भाजपा आईटी सेल में प्रमोद सिंह प्रदेश सहसंयोजक नियुक्त

**भिलाई।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश संगठन ने आईटी सेल की नई कार्यकारिणी की घोषणा कर दी है। इस सूची में भिलाई जिले से प्रमोद सिंह को प्रदेश आईटी सेल सहसंयोजक नियुक्त किया गया है। नियुक्ति के बाद प्रमोद सिंह ने प्रदेश संगठन, जिला संगठन, प्रदेश आईटी सेल संयोजक सुनील पिल्लै और दुर्ग सांसद विजय बघेल का आभार जताया। उन्होंने कहा कि पार्टी ने जो भरोसा जताया है, उस पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे और संगठन के निर्देशानुसार पूरी निष्ठा के साथ काम करेंगे।

### अवैध अतिक्रमण कर व्यवसाय करने वालों पर जुर्माना

**भिलाई।** नगर निगम भिलाई ने सड़क पर अवैध कब्जा कर व्यापार करने वालों पर कार्रवाई करते हुए जुर्माना लगाया है। ज्ञात हो कि सभी जोन कार्यालय क्षेत्र व जीई रोड किनारे लगातार कार्रवाई की जा रही है, फिर भी फल ठेला व अन्य दुकानदारों द्वारा कब्जा, अतिक्रमण कर व्यवसाय किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि हुडको गार्डन के समीप अनेक लघु फुटकर व्यापारियों द्वारा अतिक्रमण कर व्यवसाय किया जा रहा था। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देश पर जोन-5 राजस्व विभाग की टीम द्वारा स्थल निरीक्षण कर कार्रवाई की गई।

# खुश खबरी : मैत्रीबाग जू में जल्द आएगा रॉयल बंगाल टाइगर का जोड़ा

## पर्यटक दो भालुओं का भी कर सकेंगे नजारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

दुर्लभ व्हाइट टाईगर के लिए देशभर में प्रसिद्ध मैत्रीबाग जू में अब फिर रायल बंगाल टाईगर की दहाड़ सुनाई देगी। इसके लिए प्रबंधन द्वारा चिड़ियाघर में प्रारंभिक तैयारी चल रही है। वित्त वर्ष में नए मेहमानों की आमद हो जाएगी।

उल्लेखनीय है कि सालभर पूर्व प्रबंधन द्वारा अन्य जू से चार नए वन्य प्राणियों को यहां अदला-बदली(एक्सचेंज) किए जाने के लिए सेंट्रल जू अथारिटी आफ इंडिया लिमिटेड से पत्राचार किया गया था। इसमें यहां एक जोड़ा रायल बंगाल टाईगर और एक जोड़ा भालू लाए जाने की अनुमति मांगी गई थी। सेंट्रल जू अथारिटी की दिल्ली में हुई बैठक में जानवरों को लाए जाने की प्रक्रिया को तेज किए जाने अनुमति के संकेत दिए हैं। आधिकारियो के मुताबिक इसके तहत अगामी वित्त वर्ष में मैत्रीबाग में एक पेयर रायल बंगाल टाईगर और एक जोड़ा भालू लाया जाएगा। इसके लिए रायल बंगाल टाईगर के बाड़े को संवारा जा रहा है। नए मेहमानों के आने से मैत्रीबाग की रौनक बढ़ जाएगी। मैत्रीबाग के प्रभारी व महाप्रबंधक डां. एनके जैन ने बताया कि एक पेयर रायल बंगाल टाईगर व भालू के एक्सचेंज की प्रक्रिया तेज हो गई है। वित्त वर्ष में नए मेहमानों का आगमन हो जाएगा।



### आधा दर्जन बंगाल टाइगर थे

मैत्रीबाग चिड़ियाघर में पांच साल पूर्व तक आधा दर्जन रायल बंगाल टाईगर हुआ करते थे। लेकिन इस दौरान वृद्धावस्था के चलते एक एक कर सभी टाईगर चल बसे। पिछले दो साल से रायल बंगाल टाईगर का एनक्लोजर खाली पड़ा है। इसके चलते पर्यटक न जंगल के राजा का नजारा ले पा रहे हैं और न ही बच्चों के जू एजुकेशन का भी फायदा मिल रहा है। चिड़ियाघर में वर्तमान में छह सफेद बाघ हैं ही हैं। रायल बंगाल टाईगर व भालुओं के आ जाने से मैत्रीबाग का वन्य प्राणियों का कुनबा बढ़ जाएगा। इसके बदले अन्य जू को यहां से कुछ हिरण दिए जाएंगे।

## 9 करोड़ से धमधा रोड से आदित्य नगर, सिंधिया नगर होते हुए रायपुर नाका तक नई सड़क

# 60 वार्डों को सड़क के गड्ढों से मिलेगी मुक्ति नालियों का भी होगा निर्माण, 16 करोड़ की मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

शहर के 60 वार्डों को आगामी दिनों में गड्ढों वाली सड़क से मुक्ति मिलेगा। साथ ही नई नालियों का निर्माण किया जाएगा। इसके लिए शासन ने 16 करोड़ रुपए की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। एक दिन पहले महापौर अल्का बाघमार ने शहर विकास के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और नगर निकाय मंत्री अरुण साव के सामने मांग रखी थी, जिसे स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके अलावा पिछले दिनों प्रस्ताव तैयार कर चौड़ी सड़कों की कार्ययोजना तैयार कर शासन को भेजी गई थी, उसे भी स्वीकृति प्रदान की गई है। इसमें करीब 9 करोड़ की लागत से धमधा रोड से आदित्य नगर सिंधिया नगर होते हुए रायपुर नाका नई एप्रोच रोड, 9 करोड़ से शहीद चौक से राजेंद्र पार्क सड़क का चौड़ीकरण, 4 करोड़ से साइंस कॉलेज के बगल से केनाल रोड, 17 करोड़ से इंदिरा मार्केट में मल्टी लेवल पार्किंग, 3 करोड़ से कसारीडीह नाला का सुदृढ़ीकरण कार्य शामिल हैं। महापौर अलका बाघमार ने बताया कि लंबे समय से इन कार्यों को लेकर प्रयास किया जा रहा था।

### 17 करोड़ से इंदिरा मार्केट में मल्टी लेवल पार्किंग



### गली-मोहल्लों में विकास कार्यों को मिलेगी नई रफ्तार

शहर क्षेत्र अंतर्गत नगर पालिक निगम के 60 वार्डों में अंदरूनी सड़कों, नालियों एवं अन्य अधोसंरचना कार्यों के लिए 16 करोड़ रुपये की राशि शासन द्वारा स्वीकृत की गई है। यह स्वीकृति महापौर अलका बाघमार के लगातार प्रयासों का परिणाम है। लंबे समय से गली-मोहल्लों में जर्जर सड़कों और क्षतिग्रस्त नालियों की समस्या के समाधान हेतु की जा रही मांग को अंततः शासन ने हरी झंडी दे दी है। अधोसंरचना मद से प्राप्त 16 करोड़ रुपये की स्वीकृति पर महापौर अलका बाघमार ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और डिप्टी सीएम अरुण साव के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह राशि केवल सड़क और नाली निर्माण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सरकार और जनता के बीच विश्वास की कड़ी को और अधिक मजबूत करने का प्रतीक है।

### 64 करोड़ के कामों की टेंडर प्रक्रिया शुरू, जल्द होगा काम

महापौर अलका बाघमार ने जानकारी दी कि इससे पूर्व लगभग 64 करोड़ रुपये की लागत से विभिन्न विकास कार्यों की स्वीकृति मिल चुकी है,जिनकी टेंडर प्रक्रिया जारी है। महापौर ने कहा कि मुख्य मार्गों के साथ-साथ अब गली-मोहल्लों में मूलभूत सुविधाओं की कमी को दूर करने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

### पोटिया से ग्रामीण क्षेत्रों को जोड़ने वाली सड़कों का होगा निर्माण

शहर में मुख्यमंत्री नगरोत्थान योजना के अन्तर्गत 2025-26 के द्वितीय चरण में निकाय क्षेत्रान्तर्गत आवश्यक निम्नलिखित कार्य गुण्डरदेही रोड से गौठान होते हुए प्रधानमंत्री आवास कॉलोनी होते हुए हेमचन्द यादव विश्वविद्यालय एवं पोटिया चौक तक सड़क चौड़ीकरण कार्य किया जाएगा। लंबाई 4.50 किमी लंबी सड़क का निर्माण किया जाएगा, इस पर करीब 14 करोड़ रुपए की राशि खर्च होगी।

## सच्ची धार्मिकता धर्म को जीवन में उतारने में है : महासती मंजुला श्रीजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

नगर के ज्ञान वल्लभ उपाश्रय प्रांगण के सभागार में बुधवार को आयोजित आध्यात्मिक प्रवचन श्रृंखला में भाविका महासती मंजुला श्रीजी मसा ने कहा कि "धम्म चरे" अर्थात धर्म का आचरण करना ही सच्ची धार्मिकता है। उन्होंने कहा कि हम धर्म तो बहुत करते हैं, लेकिन उसे जीवन में उतार नहीं पाते, इसलिए सही मायने में धार्मिक नहीं बन पाते। महासतीजी ने कहा कि धार्मिकता वही है जिसमें धर्म का मर्म, तथ्य और वास्तविक बुनियाद समाहित हो। केवल वचन और व्यवहार में अंतर रखने से जीवन में समता नहीं आ सकती। उन्होंने आत्ममंथन का आह्वान करते हुए कहा कि एक मुहूर्त (लगभग एक घंटे) की सामायिक आराधना यदि सही भाव से की जाए तो वह शेष तेईस घंटे के जीवन को अनुशासित और समतामय बना सकती है।

उन्होंने कहा कि संसार प्रतिकूलताओं से भरा है और उसमें अनुकूलता ढूंढना भ्रम है। समभाव की साधना ही हर परिस्थिति को अनुकूल बना सकती है। प्रवचन पेशा नहीं, जीवन है—यह कहते हुए उन्होंने श्रोताओं से आग्रह किया कि प्रवचन के दो शब्द भी यदि जीवन में उतर जाएं तो आत्मकल्याण का मार्ग प्रशस्त हो सकता है। इस अवसर पर



साध्वी रत्ननिधिश्रीजी मसा ने कहा कि बड़े पुण्य से जिनशासन की प्राप्ति होती है। जिनशासन के कारण ही हमें सिद्धाचल तीर्थ, साधु-साध्वी गुरुभगवंत, आगम और महामंत्र नवकार जैसे अमूल्य साधन सहज में प्राप्त हुए हैं। उन्होंने कहा कि सहज में मिली वस्तुओं का मूल्य हम अक्सर नहीं समझ पाते, जबकि यही तत्व भवभ्रमण से मुक्ति दिलाने वाले हैं। उन्होंने श्रद्धा-भक्ति के साथ जिनशासन के मार्ग पर चलने का संदेश देते हुए कहा कि सच्ची आराधना से इहलोक और परलोक दोनों में शांति, समाधि और आनंद की प्राप्ति संभव है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# आज से बोर्ड परीक्षाएं 111 केंद्र पर होंगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कल से जिले में बोर्ड परीक्षाओ का शुभारंभ होने जा रहा है, जिसके लिए प्रशासन द्वारा 111 परीक्षा केन्द्र बनाए गए है। नकल प्रकरण पर रोक हेतु 11 उड़नदस्ता टीम बनाई गई है। 10वीं की परीक्षा 21 फरवरी से 13 मार्च तक और 12वीं की परीक्षा 20 फरवरी से 18 मार्च तक होगी। जिसमे परीक्षा सुबह 9 बजे से दोपहर 12:15 बजे तक आयोजित की जाएंगी। जिसमें छत्तीसगढ़ बोर्ड कक्षा 10वीं का समय सारिणी के तहत 21 फरवरी को हिंदी, 24 फरवरी को अंग्रेजी, 26 फरवरी को सामाजिक विज्ञान, 28 फरवरी को विज्ञान, 6 मार्च गणित, 9 मार्च को संस्कृत, 11 मार्च व्यावसायिक पाठ्यक्रम संगठित खुदरा व्यापार, सूचना प्रौद्योगिकी, ऑटोमोबाइल कार तकनीशियन, स्वास्थ्य सेवा, कृषि, मीडिया और इंटरनेट दूरसंचार, बैंकिंग वित्तीय सेवाएं और बीमा, इलेक्ट्रॉनिक्स और हार्डवेयर, 13 मार्च संगीत दृष्टिहीन छात्रें के लिए, चित्रकारी और पेंटिंग मूक और बधिर छात्रें के लिए आयोजित की जाएगी। वही सीजी बोर्ड 12वीं परीक्षा के तहत 20 फरवरी भूगोल, भौतिक शास्त्र, 23 फरवरी राजनीति विज्ञान, रसायन विज्ञान, लेखा शास्त्र, फसल उत्पादन और बागवानी, वस्तु चित्रण, रेखाचित्रण, शरीर क्रिया विज्ञान और प्राथमिक चिकित्सा, 25 फरवरी संस्कृत, 27 फरवरी जीवविज्ञान, अर्थशास्त्र, पशुपालन, दुग्ध प्रौद्योगिकी, मत्स्य पालन और कुक्कुट पालन, भारतीय कला का इतिहास,, विज्ञान के तत्व, 02 मार्च गणित, कंप्यूटर अनुप्रयोग कला एवं वाणिज्य, भारतीय संगीत, चित्रकला, नृत्य, स्टेनोग्राफर टाइपिंग, कविताएँ (कला), गृह विज्ञान, वाणिज्यिक गणित, औद्योगिक संगठन के मूल सिद्धांत, 07 मार्च समाजशास्त्र, 10 मार्च अंग्रेज़ी, 12 मार्च इतिहास, व्यवसाय अध्ययन, कृषि विज्ञान और गणित, चित्रकारी और पेंटिंग, भोजन और पोषण, 14 मार्च हिंदी, 16 मार्च 2026 खुदरा विपणन प्रबंधन, सूचना प्रौद्योगिकी, ऑटोमोबाइल सेवा तकनीशियन, स्वास्थ्य सेवा, कृषि, मीडिया और मनोरंजन, दूरसंचार, बैंकिंग वित्तीय सेवाएं और बीमा, सौंदर्य और स्वास्थ्य, इलेक्ट्रॉनिक्स और हार्डवेयर, 18 मार्च मनोविज्ञान की परीक्षाएं संपन्न होगी।




## पेज 9 के शेष...

### विकास कार्यों की गुणवत्ता...

करने के निर्देश दिये। ग्राम पचांयत गंगोरीपार में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत निर्माणाधीन आवास हितग्राही सुलोचना बाई और रूखमणी बाई का आवास छत ढलाई पूर्ण हो गया है, हितग्राही से चर्चा करते हुए आवास को एक सप्ताह के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत डढ़ारी में ओम साई महिला स्व. सहायता द्वारा मुगाएँ पालन किया जा रहा है, समुह की दीदियो से सीधा संवाद स्थापित करते हुए, उन्होंने योजनाओं के माध्यम से आय में हो रही वृद्धि की जानकारी ली तथा आजीविका संवर्धन गतिविधियों को और अधिक प्रोत्साहित करते हुए समूह की महिलाओं से चर्चा की और उनके प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि महिला समूह ग्रामीण अर्थव्यवस्था की सशक्त कड़ी हैं और उन्हें स्वरोजगार, अन्य गतिविधि जैसे सब्जी–बाड़ी की उन्नत तरीके से बागवानी करने के लिए प्रेरित किये। साथ ही मनरेगा अंतर्गत संचालित कार्य कच्ची नाली निर्माण कार्य में तकनीकी सहायक किरण साहू को नाली के पार में डाले जा रहे मिट्टी को व्यवस्थित तरीके एवं नाली के किनारे में डालने का निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान जनपद सीईओ उमेश रात्रे, अति. सीईओ आरएल सिरमौर, अति. सीईओ एनके.बागडे, मनरेगा एपीओ ओपी साहू, जिला समन्वयक प्रभात साहू, पीओ योगेश देवागन, संबंधित तकनीकी सहायक और सचिव, ग्राम रोजगार सहायक उपस्थित थे।

### मालीघोरी धान चोरी...

गांव से मालीघोरी मे खडी ट्रक सीजी 08 ए वी 1711 के पास आये। देखने पर उक्त ट्रक मे चाबी लगा होने से 02 आरोपी उसमें चढ गये। ट्रक को चोरी कर झलमला, रानीमाई होते हुए दमकसा ले गये और आरोपी चोरी ट्रक में रखे 900 कटटा धान में से 280 कटटा धान को अपने ट्रक में लोड कर उसे वहां अपने ससुराल ग्राम कंगलूटोला ले गया। शासकीय बारदाना में धान भरा होने से आरोपियों ने बारदाना से खाली कर लोकल बोरा में भर कर रख दिए व शासकीय बारदाना को रास्ते में फेक दिये। इस दौरान आरोपियों ने ट्रक में लगे जीपीआरएस को घटना स्थल पर ही तोड कर फेक दिया। आरोपियों के निशानदेही पर चोरी के धान को बरामद किया गया है। घटना में प्रयुक्त ट्रक व मोटरसायकल को जप्त कर 04 आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

आरोपियों में ग्राम कोरगुडा बालोद निवासी नेतराम देवांगन पिता देव लाल देवांगन 37 वर्ष, काशीराम देवांगन पिता शंकर लाल देवांगन 32 वर्ष , तरूण उर्वसा उर्फ लल्ला पिता यशवंत 25 वर्ष, धर्मेन्द्र धनकर पिता रूमलाल 27 वर्ष के कब्जे से चोरी गये धान, घटना मे प्रयुक्त रमांक सीजी 08 ए क्यू 7884 व मोटरसायकल भी बरामद किया गया है। उक्त प्रकरण में आरोपियों के पतासाजी, गिरफ्तारी व सामान बरामदगी में थाना प्रभारी बालोद निरीक्षक शिशुपाल सिन्हा, धरम भूआर्य, आरक्षक योगेश सिन्हा, आरक्षक भोप सिंह साहू, विपिन गुप्ता, आकाश दूबे, पूरन देवांगन, गुलझारी साहू, मोहन कोकिला का विशेष योगदान रहा।

### रेड क्रॉस सोसायटी...

परीक्षण, परामर्श एवं जागरूकता कार्यक्रमों को प्राथमिकता देने के संबंध में मार्गदर्शन एवं दिशा–निर्देश प्रदान किए।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ रेड क्रॉस सोसायटी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एमके. राउत, सचिव अशोक अग्रवाल, रूपल पुरुहित सहित प्रबंध समिति के अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे। संगठन आगामी समय में सदस्यता अभियान, रक्तदान शिविर, सिकल सेल जागरूकता कार्यक्रम एवं प्राथमिक उपचार प्रशिक्षण शिविरों को व्यापक स्तर पर संचालित करेगा।

बैठक में राज्य समिति सदस्य में युवराज देशमुख, प्रदीप साहू, रोमन लाल, लिंगराज पटेल, उत्तम रक्षित, अर्चना मसीह, संजय जैन, बिसेसर दास साहू, नरेंद्र मेश्राम, अनुपम कुमार जोफर, नरवेद सिंह, जयनारायण सिंह, अलेक्जेंडर एम चेरियन, उत्कर्ष तिवारी, उत्तम कुमार गबेल, अनुपम कुमार जोफर, गिरीश कुर्रे, अशोक कुमार अग्रवाल, रामनरेश पटेल, बृजेंद्र शुक्ला, नरेन्द्र मेश्राम, उत्कर्ष तिवारी, रोशन लाल वर्मा, कमलेश वर्मा, बालाराम साहू, अशोक गिरी गोस्वामी उपस्थित थे।

### जिला एवं सत्र...

विकलांगता पर 01 करोड़, स्थायी आंशिक विकलांगता पर अधिकतम 01 करोड़, समूह जीवन बीमा के तहत 10 लाख रूपये निःशुल्क प्रदान किया जायेगा। इन सभी सुविधाओं के लिये अधिकारियों–कर्मचारियों को कोई अतिरिक्त प्रीमियम नहीं देना होगा। इसके अलावा रूपे कार्ड के माध्यम से अतिरिक्त बीमा राशि भी निःशुल्क उपलब्ध रहेगा। हेल्थ इंश्योरेंस में टॉप–अप रियायती दरों पर उपलब्ध रहेगा। एसबीआई रिश्ते खाते की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। योनो डिजिटल बैंकिंग एप तथा योनो यूपीआई के बारे में भी जानकारी दी गई। इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश बालोद श्याल लाल नवरत्न, प्रथम जिला न्यायाधीश किरण कुमार जांगडे, द्वितीय जिला न्यायाधीश श्वेता उपाध्याय गौर, जिला न्यायाधीश पाक्सो कृष्ण कुमार सूर्यवंशी, जिला न्यायाधीश एफटीसी ताजुद्दीन आसिफ, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट बालोद संजय सोनी, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालोद भारती कुलदीप, प्रशासनिक अधिकारी उदेराम नेताम, लेखापाल सुजीत कुमार साहू सहित जिला न्यायालय, परिवार न्यायालय एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालोद के समस्त कर्मचारीगण उपस्थित थे।

### सिर्रभांठा में माता...

समाज ने भुरी भुरी प्रसंशा करते हुए आभार व्यक्त किया और इसे क्षेत्र में सामाजिक सौहार्द एवं एकजुटता को मजबूत करने वाला कदम बताया। ग्रामवासियों ने कहा कि इस प्रकार की पहल से समाज में भाईचारा बढ़ता है और विकास कार्यों को नई दिशा मिलती है। जसवंत सिन्हा के इस दान को सिर्रभाठा सहित आस पास के क्षेत्र में एक सकारात्मक संदेश के रूप में देखा जा रहा है। बता दे कि सिन्हा जनहित को देखते हुए अन्य समाज को भी सहयोग प्रदान कर रहे है। उन्होने पिछले समय सकरौद मे ग्रामीण साहू समाज को भी सामाजिक भवन के लिए ग्रामीण साहू समाज को एक लाख 51 हजार रुपए राशि प्रदान की है।

## खबर संक्षेप



### ग्राम पंचायत चिपरा में 19.80 लाख की सीसी रोड का भूमिपूजन किया गया

**कुसुमकसा।** भाजपा मण्डल कुसुमकसा के अन्तर्गत ग्राम पंचायत चिपरा में खनिज न्यास निधी से 19 लाख 80 हजार की लागत से सी सी रोड का भूमि पूजन अर्चना बूथ अध्यक्ष संदीपसाहू व बंशी रावटे के कर कमलों से किया गया। पोषण लाल भुआर्य भाजपा मण्डल महामंत्री कुसुमकसा के द्वारा कार्यकर्ताओं को समान देने के लिए एक नई परम्परा की शुरुआत की गई है। जिसके तहत उन्होंने विगत दिनों में कहा था। जिस गांव में कार्य स्वीकृत होता है। वह भाजपा के कार्यकर्ता बूथ अध्यक्ष के मार्ग दर्शन में होगा। इस अवसर पर भाजपा मण्डल महामंत्री पोषण लाल भुआर्य ने कहा भाजपा की पूंजी भाजपा कार्यकर्ता हैं। भूमि पूजन में उपस्थित ग्राम पंचायत चिपरा के सरपंच यस राम राणा, पूर्व जनपद सदस्य बंशी रावटे उपसरपंच गिरधारी राणा, बूथ अध्यक्ष संदीप कुमार साहू, पुना राम, सदा राम, नेत राम, खेम लाल, रमेशर, डीलेश्वरी भुआर्य, तोरण बाई, गैदी बाई ग्राम पंचायत चिपरा के पंच एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

### पीएम आवास के लिए लॉटरी 26 को

**भिलाई।** प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी एएचपी किफायती आवास मोर मकान-मोर आस और मोर मकान-मोर चिन्हारी घटक से निर्मित आवासों का आबंटन किया जाना है। निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देश पर निगम सभागार कक्ष में 26 फरवरी को समय दोपहर 12.30 बजे लॉटरी आयोजित की जाएगी।
सक्षम स्वीकृति प्राप्त कर कुल अंशदान राशि 10 प्रतिशत तथा बेदखली व्यवस्थापन के लिए हितग्राही से 75000 रुपए निगम कोष में जमा कराया जा रहा है।

**अनदेखी : जिला खनिज न्यास निधि से स्वीकृत हुआ था कार्य**

# धनेली ओपन जिम के उद्घाटन से पूर्व ही टूटने लगे उपकरण







हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरूर

ग्राम पंचायत धनेली में जिला खनिज न्याय निधि से बना ओपन जिम बनकर पूरा नही हुआ उसके पहले ही उसमे लगे सामान टूटने लगे है। जिससे विभाग ने कार्य का मूल्यांकन रोककर संबंधित ऐजेंसी को कार्य पूरा कराने कहा है। विकासखण्ड के ग्राम पंचायत धनेली में 14.50 लाख रूपये जिला खनिज न्यास निधि से ओपन जिम निर्माण के लिए स्वीकृत हुए थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार स्वीकृति उपरांत प्राप्त राशि अर्थात लगभग 7 लाख रूपये को पूर्व पंचायत ने आहरित कर सामग्री आपूर्तिकर्ता को देकर कार्य कथित रूप से ठेके पर दे दिया था। एक साल तक राशि लेने के बाद भी कथित ठेकेदार ने कार्य प्रारंभ नही किया। मामले में जब समाचार प्रकाशित हुआ। तब चार माह पूर्व कार्य प्रारंभ हुआ, लेकिन वह भी गुणवत्ताहीन साबित हुआ। बताया जा रहा है कि कार्य अभी प्रगति पर है, कार्य पूर्ण होता उसके पहले ही ओपर जीम में लगी सामग्री टूटने लगी है, कार्य स्थल पर कार्य स्वीकृति के लगभग दो साल बाद भी पंचायत ने संपूर्ण सूचना बोर्ड पूरा नही बनाया। सूचना बोर्ड में जानकारियां अधूरी है। उसमे कार्य प्रारंभ होने एवं कार्य पूर्ण होने की तिथि नही लिखी गई है। उसमें यह भी स्पष्ट नही हो रहा है कि स्वीकृत 14.50 लाख रूपये की राशि से क्या क्या कार्य होना है। उसकी स्वीकृति आदेश दिनांक व क्रमांक भी नही है। निर्माण कार्य की निगरानी करने वाले अधिकारियो के नाम व मोबाईल नंबर भी नही है। सूचना बोर्ड के अनुसार कार्य ग्राम पंचायत धनेली करा रही है, लेकिन वर्तमान पंचायत के अनुसार पूर्व पंचायत ने कार्य को ठेके पर दे दिया था, क्योकि कार्य को स्वीकृत उसी ठेकेदार ने कराया था। सचिव ग्राम पंचायत धनेली मनीश ठाकुर ने कहा ठेकेदार को ओपन जीम के टूटे हुए सामानो को बदलने, ठीक करने व कार्य को पुरा करने कहा गया है। कार्य पुर्ण होने पर ही भुगतान किया जाएगा।

अनुविभागीय अधिकारी आरईएस भानुप्रताप ने कहा कार्य अधूरा है, कई कार्य किया जाना बाकी है, सामग्री की गुणवत्ता खराब है, सप्लायर को सामग्री बदलने कहा गया है एवं कार्य पूर्ण करने कहा गया है। अभी सत्यापन मूल्यांकन रोक दिया गया है।

## शांतिनाथ जिनालय में ध्वजारोहण रजत महोत्सव का भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ डौंडीलोहारा

- तीन दिवसीय कार्यक्रम की शुरुआत

नगर के शांतिनाथ जिनालय जिन मंदिर में ध्वजारोहण रजत महोत्सव के पावन अवसर पर पूज्य प्रवर्तिनी श्री निपुणाश्रीजी म.सा., प्रवचन प्रभाविका श्रीमंजुलाश्रीजी म.सा. तथा प्रवचन प्रवीणा स्नेहयशाश्रीजी म.सा. आदि ठाणा ग्यारह का सम्यक सानिध्य प्राप्त हो रहा है।

ज्ञात हो कि 25 वर्ष पूर्व नगर में जैन मंदिर की प्रतिष्ठा के बाद से प्रतिवर्ष प्रतिष्ठा दिवस पर ध्वजा महोत्सव मनाया जाता रहा है। लाभार्थी परिवार के सदस्यों द्वारा मंदिर शिखर पर विधिवत ध्वजा फहराई जाती है। रजत महोत्सव की विधिवत शुरुआत 8 फरवरी से पत्रिका लेखन एवं कुमकुम कार्यक्रम के साथ हो चुकी है।

प्रथम दिवस – 20 फरवरी प्रातः 9 बजे से जिन मंदिर में अठारह अभिषेक पूजा होगी। दोपहर 3 बजे से पल्लवी बाफना एवं जैन श्री संघ की महिलाओं द्वारा मेहंदी सांझी कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। शाम 7 बजे मंदिर में विशेष संध्या आरती तथा रात्रि 7:30 बजे से लाल रघुवीर सिंह मिनी स्टेडियम में महिला एवं बालिका मंडल द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। द्वितीय दिवस – 21 फरवरी प्रातः 9 बजे जिन मंदिर से भव्य वरघोड़ा निकलेगा, जो नगर भ्रमण करते हुए पुनः मंदिर पहुंचेगा। 11 बजे प्रवचन सभा आयोजित होगी। रात्रि 8 बजे से मिनी स्टेडियम में पिंटू स्वामी (सिद्धार्थ डागा, बीकानेर) द्वारा भव्य भक्ति संध्या का आयोजन होगा।

तृतीय दिवस – 22 फरवरी प्रातः 9 बजे से जिन मंदिर में महापूजन एवं ध्वजारोहण कार्यक्रम अरविंद भाई चौरडिया (इंदौर) की टीम तथा हुकुमचंद मुनोत (खैरागढ़) के सानिध्य में संपन्न होगा। दोपहर 2 बजे से लाडली बिटिया एवं समधी प्रवर सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। रजत महोत्सव को लेकर जैन समाज में उत्साह का वातावरण है तथा श्रद्धालु बड़ी संख्या में सहभागिता के लिए तैयारियां कर रहे हैं।

### शास्त्रीनगर में नाली और सड़क डामरीकरण का अधूरा निर्माण

**भिलाई।** नगर निगम भिलाई के वार्ड 27 शास्त्रीनगर में नाली और सड़क डामरीकरण का काम अधूरा छोड़ दिया गया है। नाली निर्माण के लिए करीब 20 दिन पहले गड्ढा खोदा गया था, लेकिन इसके बाद से निर्माण आगे नहीं बढ़ा। वहीं तीन दर्शन मंदिर के पास सड़क के दोनों किनारे डामरीकरण के बाद बीच में ही छोड़ दिया गया। बता दें कि इस वार्ड में सड़क और नाली निर्माण के लिए करीब 1.19 करोड़ रुपए स्वीकृत मिली है। तीन दर्शन मंदिर के पास सड़क डामरीकरण का काम अधूरा छोड़ दिया गया है।

## 20 को श्रद्धा-भक्ति के साथ मनाया जाएगा श्रुत भक्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ डौंडीलोहारा

नगर में 20 फरवरी, शुक्रवार को श्रुत भक्ति दिवस श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ मनाया जाएगा। यह आयोजन जैन आचार्य भगवान 1008 श्रीरामलालजी म.सा. के 34वें युवाचार्य दिवस तथा बहुश्रुत वाचनाचार्य उपाध्याय प्रवर श्रीराजेश मुनिजी म.सा. के उपाध्याय पदारोहण दिवस के पावन अवसर पर आयोजित किया जा रहा है।

प्रवचन प्रभाविका श्रीमंजुलाश्रीजी महाराज साहब आदि ठाणा 11 के पावन सानिध्य में नगर के उपाश्रय भवन के सभागार में प्रातः 7:00 बजे से 8:00 बजे तक सामायिक का विशेष आयोजन किया जाएगा। इस दिन को सामायिक दिवस के रूप में मनाते हुए श्रद्धालु सामूहिक आराधना में सहभागी बनेंगे।

संघ के विजय भंसाली ने समस्त श्रद्धालु भाई-बहनों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर गुरु भक्ति, श्रद्धा एवं समर्पण भाव प्रकट करने का आग्रह किया है। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर सामायिक, तप, तपस्या, उपवास, संवर तथा अन्य प्रत्याख्यान के माध्यम से धर्म साधना की जाएगी।

श्रुत भक्ति दिवस को लेकर जैन समाज में विशेष उत्साह का वातावरण है।







संकलनकर्ता - पावन देवांगन, हरिभूमि संवाददाता, डौण्डीलोहारा मो. 9893341097

## खबर संक्षेप



### मृत कर्मचारी के परिजनों को दी गई आर्थिक सहायता

**गुरूर।** ग्राम पंचायत खुंदनी अंतर्गत प्राथमिक शाखा खुंदनी में स्वीपर पद पर कार्यरत यादराम धुरवे के निधन पश्चात ग्राम पंचायत खुंदनी द्वारा सीएम श्रद्धांजली योजना अंतर्गत 2000 रूपये आर्थिक सहयोग राशि दिया गया। जिसमे सरपंच विशाल दीवान, पंच छबिलाल निर्मलकर एवं मृतक परिवार के सदस्य उपस्थित थे।

### पीताम्बर श्रवण ने 11 वीं बार किया रक्तदान



**गुरूर।** शिक्षक पीताम्बर श्रवण ने अपनी वैवाहिक वर्षगांठ पर 11 वीं बार रक्तदान किया। विकासखण्ड के ग्राम मुजगहन अखरभाठा निवासी रक्तदाता शिक्षक श्रवण ने कहा कि रक्तदान सभी दानों में श्रेष्ठतम है, क्योंकि इस सेवा से आप और हम किसी भी जरूरतमंद का जीवन बचाने के लिए अपना अमूल्य योगदान देते हैं। उन्होने युवाओं को नशा, व्यसन, मोबाइल गेम की लत से दूर रहने एवं पालकों को बच्चों के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया। पौधारोपण, जलसंवर्धन, समाजिक सद्भावना एवं बाल संस्कार के लिए बुद्धिजीवी वर्ग को आगे आने की बात कही।

### शिवसेना ने शराब दुकानें बंद करने की मांग की, सौंपा पत्र

**बालोद।** शिवसेना बालोद जिला अध्यक्ष विजय पारख ने शराब दुकाने बंद करने की मांग करते हुए कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है। पत्र में मांग की गई है कि छत्तीसगढ़ में सरकार के नशा मुक्ति अभियान और सर्व समाज के जीवन उत्थान की सफलता हेतु राज्य में पूर्णतया शराब बंदी लागू किया जावे। शासन द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य में पूर्व में घोषित शुष्क दिवस मे कटौती कर के शासकीय शराब दुकाने खुली रखना, शराब बेचना, आम जन जीवन के प्रति न्याय संगत नही है। होली सर्व समाज के लिए प्रेम, भाईचारा से ओतप्रोत रंगा का राष्ट्रीय त्यौहार है, इसके महत्व को समझते हुए भी प्रदेश में होली के दिन शराब दुकाने बंद रखी जाए। भारतीय धर्म, संस्कृति, परंपरा सभ्यता के महत्व को समझते हुए शासन की गौरव की गरिमा को बनाए रखे, प्रदेश में पूर्ण शराब बंदी कानून लागू करे।

## निधन

### घुरई बाई देशमुख

**अंडा।** ग्राम देवरी (ख)निवासी घुरई बाई देशमुख उम्र 77 वर्ष का अस्वस्थता के चलते 18 फरवरी को निधन हो गया। वे लंबे समय से अस्वस्थ चल रही थी। गांव के मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया। वे रोहित देशमुख व छत्रपाल देशमुख की माता थी।



**कार्यक्रम : स्वस्थ बचपन-सशक्त भविष्य की दिशा में मजबूत कदम**

# गुरु घासीदास वार्ड में मनाया गया वजन त्योहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ दल्लीराजहरा

गुरु घासीदास वार्ड क्रमांक 27 में महिला एवं बाल विकास विभाग तथा आंगनवाड़ी केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में "वजन त्योहार " अभियान का भव्य, सुव्यवस्थित एवं जनभागीदारी से परिपूर्ण आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत आंगनवाड़ी केंद्र में 0 से 6 वर्ष आयु वर्ग के सभी बच्चों का विधिवत वजन एवं ऊंचाई मापन किया गया। साथ ही गर्भवती माताओं एवं धात्री माताओं की भी स्वास्थ्य जांच करते हुए उनका वजन व ऊंचाई दर्ज की गई।

- बच्चों, गर्भवती व धात्री माताओं की स्वास्थ्य जांच एवं जागरूकता कार्यक्रम हुआ

**कुपोषण के खिलाफ सशक्त पहल-** कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों में कुपोषण की समय रहते पहचान, पोषण स्तर की निगरानी, मातृ-शिशु स्वास्थ्य को मजबूत करना तथा समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना रहा। बच्चों की ग्रोथ मॉनिटरिंग का रिकॉर्ड तैयार किया गया, जिससे भविष्य में किसी भी प्रकार की स्वास्थ्य समस्या को समय पर चिन्हित कर उपचार संभव हो सके।

**अभिभावकों को मिला व्यावहारिक मार्गदर्शन-** कार्यक्रम के दौरान अभिभावकों को यह स्पष्ट रूप से बताया गया कि वे हर माह अनिवार्य रूप से आंगनवाड़ी केंद्र में बच्चों का वजन व ऊंचाई मापन करवाएं, ताकि बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास पर निरंतर निगरानी रखी जा सके।

साथ ही संतुलित आहार, पौष्टिक भोजन, स्वच्छता, साफ-सफाई, हाथ धोने की आदत, स्वच्छ पेयजल का उपयोग, समय पर टीकाकरण, घरेलू स्वच्छ वातावरण और नियमित स्वास्थ्य जांच जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। महिलाओं को गर्भावस्था व शिशुपालन के दौरान पोषण के महत्व, आयरन, कैल्शियम, प्रोटीन युक्त आहार तथा नियमित जांच की आवश्यकता के बारे में भी जागरूक किया गया।

**कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि व विभागीय उपस्थिति-** कार्यक्रम में वार्ड के पूर्व पार्षद बॉबी छतवाल, भाजपा मंडल के महामंत्री रमेश गुर्जर, महिला एवं बाल विकास विभाग की सुपरवाइजर रेणु छत्रपाल की उपस्थिति रही। सभी ने कार्यक्रम की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए बच्चों और माताओं के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने की आवश्यकता पर बल दिया।

**स्वस्थ समाज की दिशा में मजबूत संदेश-** "वजन तोहार" अभियान केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि यह कुपोषण मुक्त समाज, स्वस्थ बचपन और सशक्त भविष्य की दिशा में उठाया गया मजबूत कदम है। यह आयोजन यह संदेश देता है कि जब प्रशासनिक तंत्र, सामाजिक प्रतिनिधि, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और आम नागरिक मिलकर काम करते हैं, तो जनकल्याण की योजनाएं जमीन पर प्रभावी रूप से दिखाई देती हैं। यह कार्यक्रम बच्चों के उज्ज्वल भविष्य, माताओं के सुरक्षित स्वास्थ्य और समाज के समग्र विकास की दिशा में एक प्रेरणादायी पहल बनकर सामने आया।





**आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की सराहनीय भूमिका**

कार्यक्रम को सफल बनाने में वार्ड की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता अनिता बंजारे, शर्वरी चक्रवर्ती, प्रभात ठाकुर, ईश्वरी सोनवानी, सारिका, रुक्मणी, उषा, चांदनी, सविता की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इनके प्रयासों से कार्यक्रम व्यवस्थित, अनुशासित और प्रभावी रूप से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में वार्डवासी नागरिक, माताएं एवं अभिभावक शामिल हुए। आंगनवाड़ी केंद्र में कुल 112 बच्चों का पंजीयन दर्ज है, जिनकी नियमित स्वास्थ्य निगरानी की जा रही है।

# पी.एम. आशा योजना के तहत किसानों का पंजीयन शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

जिले में प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान योजना (पी.एम. आशा) योजना अंतर्गत प्राईस सपोर्ट स्कीम के तहत किसानों का पंजीयन समितियों के माध्यम से ई समयुक्ति पोर्टल में किया जा रहा है। कृषि विभाग के उप संचालक ने बताया कि योजनान्तर्गत खरीफ विपणन वर्ष 2025–26 में क्रमशः अरहर, मूंग, उड़द, मूंगफली, सोयाबीन तथा रबी विपणन वर्ष 2026–27 में क्रमशः चना, मसूर एवं सरसों फसलों की बुआई करने वाले कृषक अपने क्षेत्र के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों के माध्यम से सेवा सहकारी समितियों में आवेदन पत्र के साथ आधार कार्ड में रजिस्टर्ड मोबाईल नंबर साथ लेकर अपना पंजीयन करा सकते है। उक्त योजनान्तर्गत न्यूनतम समर्थन मूल्य पर जिले के लिए चिन्हांकित एजेंसी द्वारा पंजीकृत कृषकों की फसलों का उपार्जन किया जाएगा। इस योजनान्तर्गत भारत सरकार द्वारा घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य जिसमें खरीफ फसल अरहर 8000 रूपए, मूंग 8768 रूपए, उड़द 7800 रूपए. मूंगफली 7263 रूपए. सोयाबीन 5328 रूपए एवं रबी फसल चना 5875 रूपए, मसूर 7000 रूपए, एवं सरसों 6500 रूपए, न्यूनतम समर्थन मूल्य प्रति क्विंटल तय किया गया है। शासन द्वारा जिले में उपार्जन एवं भण्डारण के लिए उपार्जन केन्द्र के रूप में विकासखण्ड बालोद अन्तर्गत सेवा सहकारी समिति सांकरा–ज, निपानी, लाटाबोड़, पीपरछेड़ी विकासखण्ड गुरूर अन्तर्गत सेवा सहकारी समिति फागुनदाह, गुरूर, सनौद, बासीन विकासखण्ड डौण्डी अन्तर्गत सेवा सहकारी समिति डौण्डी, चिखलाकसा विकासखण्ड डौण्डीलोहारा अन्तर्गत सेवा सहकारी समिति डौण्डीलोहारा, सुरेगांव, देवरी, नांहदा विकासखण्ड गुण्डरदेही अन्तर्गत सेवा सहकारी समिति गुण्डरदेही, अर्जुंदा, भांठागांव–बी, कसौंदा को निर्धारित किया गया है।

- घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी

कृषकों से फसल उपार्जन का कार्य सप्ताह में 5 दिवस (सोमवार से शुक्रवार) तक किया जाएगा। योजनान्तर्गत शासन द्वारा पंजीकृत कृषकों से खरीफ फसल अरहर 3 क्विंटल, मूंग 3 क्विंटल, उड़द 3 क्विंटल, मूंगफली 7 क्विंटल, सोयाबीन 5 क्विंटल प्रति एकड़, एवं रबी फसल चना 6 क्विंटल, मसूर 2 क्विंटल, सरसों 5 क्विंटल प्रति एकड़ की दर से कृषकों से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी की जाएगी।

# पंचायतों को अविवादित नामांतरण व बंटवारे का अधिकार, सचिवों को दिया जा रहा प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार एवं भू–राजस्व संहिता अधिनियम 1959 में संशोधन उपरांत अविवादित नामांतरण एवं बंटवारों का निराकरण का अधिकार ग्राम पंचायतों को दिया गया है। जिसके तहत बालोद जिले के सभी ग्राम पंचायत सचिवों को प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

जिला पंचायत के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने बताया कि विकासखंड बालोद में 18 फरवरी एवं गुण्डरदेही विकासखण्ड में 19 फरवरी को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण में भुईंया पोर्टल, सीजी रेवेन्यू पोर्टल के संचालन एवं भू– राजस्व संहिता अधिनियम 1959 के तहत कंडिका 5 में उल्लेखित संहिता की धारा 128 (2) एवं 130 तथा अविवादित मामलों के संबंध में धारा 110, 178, 178 (क) एवं 178 (ख) के अंतर्गत तहसीलदार की शक्तियों छत्तीसगढ़ पंचायती राज अधिनियम 1993 के अधीन गठित पंचायतों को उनके क्षेत्रधिकार के भीतर होगी। उक्त कंडिका के माध्यम से अविवादित नामांतरण एवं बटवारा संबंधी अन्य राजस्व कार्यों हेतु ग्राम पंचायतों को उनके क्षेत्रधिकार के भीतर अधिकृत किया गया है।



- पंचायत स्तर पर शीघ्र कार्य प्रारंभ करने के निर्देश

इसके अतिरिक्त नागरिक पंजीयन पोर्टल के पंजीयन की प्रक्रिया एवं आवेदन प्रस्तुत करने की प्रकिया तथा आम नागरिकों को पोर्टल में हो रहे कार्यवाही की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही सचिवों के लॉगिन आईडी की उक्त प्रक्रिया के कियान्वयन संबंधी विस्तृत जानकारी पंचायत सचिवों को प्रशिक्षण के माध्यम के प्रदाय किया गया। राजस्व के संबंध में राजस्व विभाग से तहसीलदार गुण्डरदेही कोमल सिंह धुरव एवं तहसीलदार बालोद आशुतोष शर्मा ने राजस्व निरीक्षक तथा पटवारी द्वारा ऑनलाईन पोर्टल के संबंध में सचिवों को विशेष रूप से अवगत कराया गया।

प्रशिक्षण में संबधित जनपद पंचायत बालोद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी झुमुक सिंह राजपूत, गुण्डरदेही जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी निखत सुल्ताना, लोकेश सिन्हा, जिला समन्वयक एवं विमल सोनकर, सहायक जिला समन्वयक वरिष्ठ करारोपन अधिकरी चम्पेश्वर यदु, सुरेन्द्र कुमार चन्द्राकर अधिकारीगण उपस्थित थे। प्रशिक्षण में सभी सचिवों को जल्द से जल्द पंचायत में अविवादित नामांतरण एवं बंटवारे का कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए।

# श्रमदान से स्वच्छता रैली निकालकर नशामुक्ति का दिया गया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंडा

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम भानपुरी में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन की शुरुआत प्रातः प्रभात फेरी से हुई। इसके पश्चात स्वयंसेवकों के लिए हार्टफुलनेस के अंतर्गत ध्यान एवं पुनरोद्धार सत्र आयोजित किया गया, जिससे सभी स्वयंसेवकों को मानसिक शांति एवं नई ऊर्जा प्राप्त हुई। परियोजना कार्य (श्रमदान) के अंतर्गत स्वयंसेवकों ने नालियों की सफाई तथा विद्यालय परिसर की साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। विद्यालय गतिविधियों के अंतर्गत विद्यार्थियों के लिए बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिता तथा विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी रचनात्मकता एवं वैज्ञानिक सोच का प्रदर्शन किया। स्वयंसेवकों द्वारा ग्राम में नशा मुक्ति विषय पर सर्वेक्षण किया गया तथा ग्रामीणों को जागरूक करने के उद्देश्य से नशा मुक्ति रैली भी निकाली गई। इस रैली के माध्यम से नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी गई और लोगों को नशामुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। दोपहर में स्वयंसेवकों द्वारा सामूहिक रूप से भोजन तैयार किया गया, जिससे टीमवर्क और सहयोग की भावना को बढ़ावा मिला। इस अवसर पर विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अनुप मिश्रा एवं उनके संकाय सदस्यों ने शिविर का भ्रमण किया। साथ ही एम.बी.ए. विभाग के प्राध्यापकों ने भी शिविर का निरीक्षण कर स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन किया। कंप्यूटर विज्ञान एवं अभियांत्रिकी विभाग की डॉ. श्वेता खरैया एवं मास्टर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशंस विभाग की डॉ. विनीता गुप्ता द्वारा बालिकाओं के लिए स्वास्थ्य एवं स्वच्छता विषय पर विशेष सत्र लिया गया, जिसमें व्यक्तिगत स्वच्छता, स्वास्थ्य संबंधी आदतों तथा जागरूकता से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। शिविर का संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शबाना नाज़ सिद्दीकी एवं अभिजीत लाल के मार्गदर्शन में किया गया। इस शिविर को संस्थान के प्राचार्य डॉ. एस. के. जायसवाल तथा प्रबंधन का विशेष मार्गदर्शन एवं सहयोग प्राप्त हो रहा है। संध्या समय खेलकूद गतिविधियाँ आयोजित की गईं, जिससे स्वयंसेवकों और बच्चों के बीच आपसी सहयोग और उत्साह बढ़ा। रात्रि में स्वयंसेवकों द्वारा बच्चों को पढ़ाया गया, जिससे शिक्षा के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया। इस प्रकार शिविर का चौथा दिन सेवा, जागरूकता, शिक्षा और सहयोग की भावना के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।



**अधिकारियों ने किया शिविर का भ्रमण**

# ओबीसी महासभा का राष्ट्रीय अधिवेशन हुआ, पृथक जनगणना व आरक्षण पर बनी रणनीति

हरिभूमि न्यूज ⏭ डौंडीलोहारा

ओबीसी महासभा का राष्ट्रीय अधिवेशन भोपाल के गांधी भवन में संपन्न हुआ। अधिवेशन में देशभर से आए प्रदेश पदाधिकारी, राष्ट्रीय कोर कमेटी सदस्य एवं विभिन्न राज्यों के प्रतिनिधि शामिल हुए। कार्यक्रम में ओबीसी समाज के अधिकारों, राष्ट्रीय जनगणना में ओबीसी की पृथक गणना तथा लंबित आरक्षण जैसे मुद्दों पर व्यापक चर्चा कर आगामी रणनीति तय की गई। अधिवेशन में वर्ष 2026 के यूजीसी विनियमों के समर्थन में आवाज बुलंद करते हुए संगठन ने शैक्षणिक संस्थानों में ओबीसी वर्ग के हितों की रक्षा के लिए एकजुट होकर संघर्ष करने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि राष्ट्रीय जनगणना के प्रथम चरण में मकान सूचीकरण हेतु निर्धारित 33 बिंदुओं की प्रश्नावली में बिंदु क्रमांक 12 में ओबीसी की पृथक जानकारी शामिल न किए जाने से समाज में असंतोष है। इस विषय को लेकर चरणबद्ध आंदोलन की रूपरेखा भी तैयार की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि रैलियों, ज्ञापन, जनजागरूकता अभियान एवं धरना-प्रदर्शन के माध्यम से सरकार तक मांगें पहुंचाई जाएंगी। छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष द्वारा उपस्थित प्रतिनिधियों को अधिकारों की रक्षा हेतु संकल्प दिलाया गया। अधिवेशन में छत्तीसगढ़ से प्रदेश अध्यक्ष ओबीसी राधेश्याम, प्रदेश महासचिव यज्ञदेव पटेल, प्रदेश कोषाध्यक्ष महावीर कलिहारी, महिला मोर्चा की कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष खिलेश्वरी, प्रदेश उपाध्यक्ष भगवती सोनकर, बस्तर जिला अध्यक्ष रघुवंश यादव, शक्ति जिला अध्यक्ष खेमराज कश्यप तथा राजनांदगांव जिला अध्यक्ष (महिला मोर्चा) क्रांति मौर्या सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। अंत में संगठन ने ओबीसी समाज की जनगणना में पृथक गणना और लंबित आरक्षण मामलों के शीघ्र समाधान की मांग दोहराई।





# जमीन विवाद में प्राण घातक हमला, 2 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

जमीन विवाद में फरसा से प्राण घातक हमला करने वाले 02 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। आरोपियों से घटना में उपयोग किये फरसा को जप्त किया गया। पीड़ित की बेटी की शिकायत पर मामला कायम किया गया। वार्ड क्रमांक 08 मरार पारा बालोद निवासी हाल पता धुरवाटोला थाना राजहरा प्राथिया रोशनी साहू पिता कार्तिक राम साहू 22 वर्ष ने पुलिस को बताया कि 17 फरवरी को मेरे पिता कार्तिकराम अपने हिस्से के मरार पारा बालोद में स्थित खंडहर मकान है, की साफ सफाई कर रहा था इसी दौरान भाई बहु, रंजु साहू, भतीजा राम साहू ने साफ सफाई की बातो को लेकर गाली गलीच कर श्रीराम साहू ने मछली काटने की लोहे की फरमा से सिर में दो तीन बार वार किया है। जिससे सिर से खून निकला पुलिस वाले ईलाज कराने जिला अस्पताल लेकर गए। आरोपी श्रीराम साहू एवं रंजु साहू द्वारा अपराध कबूल करने पर आरोपीगणो को धारा 296, 351(3), 109, 3(5) बीएनएस का अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया।

### अग्निवीर भर्ती के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू

**बालोद।** भारतीय अग्निवीर थल सेना भर्ती हेतु ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 01 अप्रैल निर्धारित की गई है। जिसके अंतर्गत अग्निवीर जनरल ड्यूटी, टेक्नीकल, क्लर्क–स्टोर कीपर टेक्नीकल एवं ट्रेडमेन के पदों पर भर्ती की जाएगी। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि भर्ती रैली में सम्मिलित होने अभ्यर्थी की अनिवार्य योग्यता 8वीं, 10वीं एवं 12वीं तथा अभ्यर्थी का जन्म 01 अक्टूबर 1999 से 01 अप्रैल 2005 के मध्य होना चाहिए। आवेदकों का ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन वेबसाईट में करना अनिवार्य है। ऑनलाईन कॉमन एंट्रेस एग्जाम (सीईई) 01 जून 2026 से 10 जून 2026 तक होने की संभावना हैं।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, केमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

# भाजयुमो ने मनाई छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला बालोद द्वारा हिंदवी स्वराज्य के प्रतीक छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती के पावन अवसर पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा–सुमन अर्पित किए गए।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष गुलशन साहू, प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य पंकज चौधरी, जिला उपाध्यक्ष सौरभ जैन, जिला मंत्री आशुतोष कौशिक, देवेन्द्र सिन्हा, लवण साहू, जिला मीडिया प्रभारी अभिन्न यादव, जिला सोशल मीडिया प्रभारी सुमित जैन सहित सभी नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष बालोद मंडल से राहुल सोनी, जंगेरा से लोकेश देवांगन, करहीभदर से देवेंद्र ओंटी, गुरुर से लोकेन्द्र हिवानी, सनौद से मितेश साहू, मिरिंटोला पुरुर से अजय साहू, डोंडी लोहारा से हिरेंद्र गायकवाड़, रेंगाडबरी से प्रीतम देशमुख, डोंडी से शिवम दुबे, दल्लीराजहरा से सागर गनीर, गुण्डरदेही से नीतिश सोनकर, सिकोसा से आशीष दिल्लिवार, ओटेवंद से तुलसी साहू, अर्जुन्दा से नवीन राजपूत, सुरेगांव से देवेंद्र जोशी एवं देवरी से फनेश्वर साहू एवं बालोद मंडल महामंत्री कमल बजाज उपस्थित थे।



online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
19 मार्च, 09 अप्रैल, 07 मई
21 मई, 04 जून 2026 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 17,500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411




By Train- रिजर्वेशन व स्पेशल पैकेज से
चार धाम यात्रा
हरिद्वार, ऋषिकेश, गंगोत्री
यमुनोत्री, बद्रीनाथ, केदारनाथ
यात्रा दिनांक
18 अप्रैल 2026
02 मई 2026
18 मई 2026
02 जून 2026
14 दिन की यात्रा
राशि स्लीपर ₹24,500/- ऑफर ₹22,500/-3AC ₹32,500/- ऑफर ₹29,500/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
9111111866, 8275757579
Head Office : ग्राउण्ड फ्लोर सिटी सेंटर मॉल पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)